# पाठ – 3 निर्धनता: एक चुनौती

**प्रश्न1. – निर्धनता से क्या तात्पर्य है ?**

उत्तर – निर्धनता या गरीबी से अभिप्राय : यह है कि जीवन, स्वास्थय, तथा कार्यकुशलता के लिए न्युनतम उपयोग आवश्यकताओं को प्राप्त करने में असमर्थता ।

**प्रश्न2. – प्रधानमंत्री रोजगार योजना का प्रारंभ कब किया गया तथा इसके प्रमुख दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर – प्रधानमंत्री रोजगार योजना का आरंभ 2 फरवरी 2006 को 200 जिलों में लागू किया गया ।

इसके दो प्रमुख उदेश्य निम्नलिखित है।

1. भारत में कोई भी व्यक्ति निर्धन न हो ।
2. इस योजना के अंर्तगत पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगारो को धन मुहइयाँ करा कर रोजगार के अवसर प्रदान करना ताकि बेरोजगारी कम हो ।

**प्रश्न3. – भारत में गरीबी के चार प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर – भारत मे गरीबी के निम्न कारण है :–

1. निरंतर बढ़ती हुई जनसंख्या :– जनसंख्या मे बेतहासा वृद्धि भारत मे गरीबी का प्रमुख कारण है ।
2. निरक्षरता :– निरक्षरता के कारण शहरो मे या गाँवो मे कारीगर , मजदूर और किसानो का हर कोई शोषण करता है और उचित मजदूरी नही मिल पाती है ।
3. बेरोजगारी:– भारत मे गरीबी का प्रमुख कारणों में से बेरोजगारी एक है ।
4. सामाजिक कारण :– शादी ब्याह या त्यौहारो के अवसर पर लोग कर्ज लेकर फजूल में खर्च करते है और कर्ज मे डूबते चले जाते है ।

**प्रश्न4. – भारत में सबसे निर्धन राज्य कौन सा है ?**

उत्तर – उडिसा ।

**प्रश्न5. – स्कूल के बच्चो के लिए दोपहर भोजन की योजना का क्या उद्देश्य है ?**

उत्तर – दोपहर भोजन योजना का मुख्य उद्देश्य निम्न है :–

(i) विद्यार्थियो की उपस्थिति को सुनिश्चित बनाया जा सके ।
(ii) उनकी पोषण स्थिति मे सुधार लाया जा सके ।

**प्रश्न6. – राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम 2005 की मुख्य विशेषताएँ क्या है?**

उत्तर – राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम 2005 की मुख्य विशेषताएँ निम्न है।

(i) 200 जिलों में प्रत्येक परिवार को साल में 100 दिन के रोजगार की गारंटी है।
(ii) यह योजना एक तिहाई रोजगारी महिलाओं के लिए आरक्षित है।
(iii) केन्द्र सरकार राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कोष भी स्थापित करेगी ।
(iv) अगर 15 दिन के अंदर रोजगार मुहैया नहीं कराई गई तो बेरोजगारी भत्ता भी मिलेगा।


Downloaded from: http//:www.atpeducation.com Email-id: atpeducations@gmail.com ATP Education
www.atpeducation.com

**प्रश्न7. – भारत में निर्धनता प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए ।**

उत्तर – भारत में निर्धनता प्रमुख कारण निम्न है ।

(i) जनसंख्या में उच्च दर से वृद्धि ।
(ii) शोषण – निरक्षरता के कारण कारीगर, मजदूर और किसानों का हर कोई शोषण करता है जिससे उचित मजदूरी नहीं मिल पाती और निर्धनता बढता ही जाता है।
(iii) भूमी संसाधनों में कमी और बेरोजगारी ।
(iv) समाजिक, सांकृतिक और आर्थिक कारक भी निर्धनता के प्रमुख कारण रहे है। जैसे – त्योहारों, धार्मिक अनुष्ठानों तथा शादी विवाहों में औकात से अधिक खर्च करना ।
(v) अधिक ऋणग्रसता ।

**प्रश्न8. – निर्धनता उन्मुलन के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का वर्णन करे ।**

उत्तर – निर्धनता उन्मुलन के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयास निम्नलिखित है।

(i) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम ।
(ii) राष्ट्रीय काम के बदले भोजन योजना।
(iii) प्रधानमंत्री रोजगार योजना ।
(iv) स्वर्ण जयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना ।
(v) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना ।
(vi) अंत्योदय अन्न योजना ।

उपरोक्त सभी योजनाएँ सरकार द्वारा निर्धनता उन्मुलन के लिए चलाए गए है जो गरीब, बेरोजगार पिछडे लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराते है। इनका उदेश्य गरीब लोगों को निर्धनता रेखा से उपर लाना है।

www.atpeducation.com


Downloaded from: http//:www.atpeducation.com Email-id: atpeducations@gmail.com ATP Education